Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

अलंकरण समारोह

मुश्किल नहीं है कुछ दुनिया में, तू जरा हिम्मत तो कर ।
ख्वाब बदलेंगे हकीकत में, तू जरा कोशिश तो कर ।।

हार्दिक अभिनंदन

बुलंद हौंसले

प्रगति की ओर

दिनांक 04 मई, 2024 को बाल भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा के प्रांगण में 'अलंकरण समारोह' (इंवेसटेचर समारोह) आन, बान और शान के साथ मनाया गया |

इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री एम. के. अकबर, भारत सरकार के पूर्व विदेश राज्य मंत्री की उपस्थिति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया| इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि के अतिरिक्त अनेक गणमान्य अतिथियों ने उपस्थित होकर विद्यालय को गोर्वान्वित किया| जहाँ बच्चों के सामूहिक गाने ने सभी को मंत्र मुक्त कर दिया, वहीं नृत्य-कला की पराकाष्ठा ने सभी का मन मोह लिया| समारोह में आर्या सिंह को प्रेसिडेंट स्टूडेंट काउंसिल, गौरी गुप्ता को हेड गर्ल और अनिरुद्ध आचार्या को हेड बॉय घोषित किया गया इसी तारतम्यता को जोड़ते हुए आर्यन मित्तल को हेड बॉय प्राइमरी तथा मनिका गर्ग को हेड गर्ल प्राइमरी से नवाजा गया इसके अतिरिक्त खेल-कूद,कला- साहित्य, स्वास्थ्य तथा क्विज़ जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी छात्रों को विभिन्न पदों से अलंकृत किया गया तथा उन्हें अपने पद को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाते हुए शपथ भी दिलाई गई| मुख्य अतिथि महोदय ने अपने आशीर्वाद से छात्रों को प्रोत्साहित किया और नेतृत्व के कुछ ऐसे सोपान बताए जो छात्रों के लिए प्रेरणास्पद होंगे | अंत में वाइस प्रेसिडेंट जिया कपूर ने सभी का धन्यवाद किया | विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आशा प्रभाकर ने स्कूल मेगज़ीन सागरिका का लोकार्पण किया तथा इसके साथ ही सभी बच्चों के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद देने के साथ-साथ प्रगति पथ पर अग्रसर रहने का संदेश दिया एवं सभागार में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार भी प्रकट किया | राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया |

मनमोहक प्रस्तुति